# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नसीराबाद ( अजमेर )

पीठासीन अधिकारी : – राकेश कुमार गुप्ता (R.A.S.)
राजस्व वाद संख्या : – 12 / 2021

**उनवान**

1. हरविलास पुत्र रामगोपाल जाति महाजन निवासी ग्राम दिलवाडा, नसीराबाद
--- प्रार्थी :– जरियें अधिवक्ता श्री जितेन्द्र गुर्जर

**बनाम**

1. रूकमणी पत्नी भंवरलाल जाति महाजन नि0 दिलवाडा, नसीराबाद,
2. राज0 सरकार जरियें तहसीलदार नसीराबाद

-- अप्रार्थीगण :– 1 जरियें अधिवक्ता श्री नितेश यादव
2 जरियें राज0 पैरोकार

3. विमला पत्नी ओमप्रकाश,
4. भागीरथ,
5. स्नेहलता,
6. लक्ष्मी पुत्र ओमप्रकाश,
7. गोविन्दनारायण पुत्र जयकिशन
8. ज्योति पुत्री शिवप्रसाद
9. दीनदयाल पुत्र जयकिशन
10 दीपिका पुत्री शिवप्रसाद
11. नरेश पुत्र बालमुकुन्द
12. नवीन पुत्र बालमुकुन्द
13. भगवती पुत्री जयकिशन
14. मुरलीधर पुत्र जयकिशन
15. महेश पुत्र बालमुकुन्द
16. रूपचन्द पुत्र शिवप्रसाद
17. राजेश पुत्र रामनिवास
18. रामनारायण पुत्र रामनिवास
19. शिवरतन पुत्र रामगोपाल
20. संगीता पुत्री बालमुकुन्द
21. सन्तोष पत्नी शिवप्रसाद,
22. सुप्रिया,
23. सुलेखा पि0 शिवप्रसाद
24. हरिश पुत्र रामनिवास जाति महाजन निवासी ग्राम दिलवाडा, नसीराबाद

-- प्रफोर्मा अप्रार्थीगण :– अनुपस्थित

---

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

---

Signature Not Verified
Digitally signed by Rakesh Kumar Gupta
Date: 2022.10.07 10:28:15 IST
Reason: SelfAttested

– आदेश :– दिनांक :– 5.1.22

प्रार्थी ने उक्त प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि [illegible] व पटवार मण्डल दिल[illegible] के खाता संख्या 25 / 99 के खसरा नम्बर 267 रकबा 0.40 प्रार्थी व प्रफोर्मा अप्रार्थीगण की की संयुक्त खातेदारी की भूमि है तथा प्रार्थी खसरा नम्बर 267 पर आने–जाने हेतु खसरा नम्बर 271

--2

उपखण्ड अधिकारी
नसीराबाद ( अजमेर )

का उपयोग करते है। जो कि अप्रार्थी संख्या 1 की खातेदारी है। प्रार्थी की खातेदारी आराजी पर आवागमन हेतु राजस्व अभिलेख व मौके पर कोई रास्ता विधमान नही है जिस कारण प्रार्थी अपनी खातेदारी आराजी पर आवागमन हेतु खसरा नम्बर 271 मे से आवागमन करता है। तथा 271 से आगे जा कर खसरा नम्बर 2661/1829 गै0 मु0 रास्ता में जाता है। अतः श्रीमान से निवेदन है कि ग्राम दिलवाडा में स्थित प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी खसरा नम्बर 1009 पर आवागमन हेतु खसरा नम्बर 271 मे से प्रार्थी को 30 फिट चौडा रास्ता माननीय न्यायालय द्वारा प्रदान किया जावे। उक्त अनुसार आदेश जारी कर तहसीलदार नसीराबाद को राजस्व रेकार्ड व मानचित्र में रास्ता दर्ज करने के भी आदेश पारित करावे।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जरियें नोटिस तलब किया गया। तहसीलदार नसीराबाद से मौका रिपोर्ट तलब की गयी।

अप्रार्थी संख्या 1 ने जवाब पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थी के पास आवागमन का रास्ता खसरा नम्बर 266/1829 उपलब्ध था उसको खसरा नम्बर 266 के खातेदार द्वारा अपने खेत में मिलाकर बाडबंदी कर अपने कब्जे में कर लिया व मौके पर खसरा नम्बर 266/1829 खसरा नम्बर 266/1829 के खातेदार के कब्जे में है। प्रार्थी द्वारा अप्रार्थी संख्या 1 की भूमि को हडपने के लिये प्रार्थना पत्र पेश किया है। प्रार्थी व अप्रार्थी संख्या 1 एक ही परिवार के सदस्य है। प्रार्थी को खसरा नम्बर 266 में से रास्ता प्राप्त करने हेतु कम भूमि की आवश्यकता है। प्रार्थी ने खसरा नम्बर 271 में से कभी भी आवागमन नही किया है। अतः प्रार्थना पत्र खारिज योग्य है।

प्रफोर्मा अप्रार्थीगण प्रकरण में अनुपस्थित रहे।

तहसीलदार नसीराबाद ने मौका रिपोर्ट पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 267 से खसरा नम्बर 266/1829 राजमार्ग तक जाने के लिये लघुतम मार्ग खसरा नम्बर 266 मे से उपलब्ध है यह खसरा नम्बर 266 के उत्तर-पूर्व कोने में खसरा नम्बर 266 के 8 मीटर चौडे व 8 मीटर लम्बे त्रिभुजाकार क्षेत्र में जिसका क्षेत्रफल 32 वर्ग मीटर होता है के रूप में उपलब्ध है। खसरा नम्बर 266 के खातेदार रामचन्द्र वगैरह जाति जाट है। तथा दीर्घतम मार्ग खसरा नम्बर 271 के दक्षिण पश्चिम कोने से 3 मीटर चौडा व 26 मीटर लम्बा जिसका क्षेत्रफल 208 वर्ग मीटर होता है स्थित है। प्रस्तावित मार्ग की डी0एल0सी0 दर से राशि 34,08,206 प्रति है0 है। चाहे गये मार्ग के अतिरिक्त प्रार्थी के पास अन्य कोई वैकल्पिक मार्ग नही है।

बहस उभयपक्ष सुनी गयी।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। विद्वान अधिवक्तागण व राज0 पैरोकार के तर्कों पर मनन किया। खसरा नम्बर 267 प्रार्थी व प्रफोर्मा अप्रार्थीगण की खातेदारी का हैं। खसरा नम्बर 271 अप्रार्थी संख्या 1 की खातेदारी का है। खसरा नम्बर 266/1829 गै0मु0 रास्ता है जो प्रार्थी की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 267 के कोने व 266 पर आकर खत्म होता है। प्रार्थी ने खसरा नम्बर 266 की स्थिति अपने प्रार्थना पत्र में स्पष्ट नही की है साथ ही खसरा नम्बर 266 के खातेदारों को प्रकरण में पक्षकार भी नही बनाया है। प्रार्थी द्वारा अप्रार्थी संख्या 1 की भूमि खसरा नम्बर 271 में से रास्ता चाहा है जबकि खसरा नम्बर 266 में से रास्ता लघुतम व सुलभ है। गै0मु0 रास्ता 266/1829 प्रार्थी के खातेदारी खसरा नम्बर 267 उतरी-पूर्वी कोने तक लगता हुआ है। तहसीलदार नसीराबाद द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट अनुसार खसरा नम्बर 267 पर आवागमन हेतु खसरा नम्बर 266 से लघुतम मार्ग जाता है। जबकि खसरा नम्बर 271 से चाहा गया मार्ग दीर्घतम है। प्रार्थी ने खसरा नम्बर 266 के खातेदारों को पक्षकार नही बनाया है। प्रार्थी द्वारा खसरा नम्बर 271 मे से ही रास्ता किस कारण चाहा है स्पष्ट नही किया है। अतः प्रार्थी खसरा नम्बर 271 में से रास्ता प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

उक्तानुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र "खारिज" किया जाता है। पक्षकार खर्चा स्वयं वहन करे।

आदेश सरे इजलास सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rakesh Kumar Gupta
Date: 2022.10.07 10:28:15 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नसीराबाद